भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+380**
सोमवार, **24** जून, 2019/**3** आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

केरल में पर्यटन परियोजनाएं

+**380.** श्री हिबी इडनः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय की सरकार के पास कोई नई परियोजना या चालू परियोजना केरल राज्य में लंबित है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार नई परियोजनाओं के कार्यान्वयन हेतु केरल के कोचीन शहर को प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या पर्यटन के विकास हेतु कोई नई योजना उपलब्ध है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (च) : पर्यटन मंत्रालय, स्वदेश दर्शन, प्रशाद और केंद्रीय अभिकरणों को सहायता की योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय अभिकरणों को देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है

राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा उपरोक्त योजनाओं के अन्तर्गत वित्त पोषण हेतु परियोजना प्रस्तावों को प्रस्तुत करना एक सतत प्रक्रिया है। परियोजनाएं संगत योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, उचित विस्तृत परियोजना रिपोर्टों को प्रस्तुत करने, निधियों की उपलब्धता तथा पहले जारी निधियों के उपयोग की शर्त पर स्वीकृत की जाती हैं ।

केरल राज्य के लिए मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की सूची अनुबंध पर है।

****

अनुबंध

केरल में पर्यटन परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 24.06.2019 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या +380 (क) से (च) के उत्तर में विवरण

पर्यटन मंत्रालय द्वारा पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु केरल राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नवत है

(करोड़ रु. में)

क्र. सं.	योजना/स्वीकृति का वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	स्वदेश दर्शन 2015-16	ईको पर्यटन परिपथ के अन्तर्गत इडुकी और पथनमथिट्टा जिलों में पथनमथिट्टा- गावी- वागमोन-थेक्काडी का विकास	**76.55**
2.	स्वदेश दर्शन 2016-17	पथनमथिट्टा जिले, में आध्यात्मिक परिपथ के अन्तर्गत सबरीमाला-एरूमेलि-पम्पा-सन्नीधानम का विकास	**99.99**
3.	स्वदेश दर्शन 2016-17	आध्यात्मिक परिपथ के अन्तर्गत श्री पदमनाभ अरनामुला - सबरीमाला का विकास	**92.22**
4.	स्वदेश दर्शन 2018-19	ग्रामीण परिपथ के अन्तर्गत मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास	**80.37**
5.	स्वदेश दर्शन 2018-19	आध्यात्मिक परिपथ के अन्तर्गत शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम – अरुविपुरम – कुन्नुमपारा श्री सुब्रमण्य – चेम्बझांति श्री नारायण गुरुकुलम का विकास	**69.47**
6.	स्वदेश दर्शन 2018-19	आध्यात्मिक परिपथके अन्तर्गत कासरागोड, वायनाड, कन्नूर, कोझिकोड, पल्लक्काड़, मल्लपुरम, त्रिचूर, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोट्टयम, अल्लपुझा, पथनमथिट्टा, कोल्लम, त्रिवेंद्रम का विकास	**85.23**
7.	प्रशाद 2016-17	गुरुवायुर मंदिर का विकास	**46.14**
8.	केन्द्रीय अभिकरण 2016-17	विलिंडन द्वीप, कोच्चि, केरल में वाकवे/प्रोमेनेड का विकास	**9.01**
9.	केन्द्रीय अभिकरण 2016-17	ऐरनाकुलम वार्फ के बैकअप एरिया तथा बर्थ का उन्नयन के लिए कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट को केन्द्रीय वित्तीय सहातया	**21.41**
10.	केन्द्रीय अभिकरण 2016-17	भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई त्रिवेन्द्रम गोल्फ क्लब पर गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना	**24.65**
11.	केन्द्रीय अभिकरण 2018-19	कोच्चि पोर्ट क्रूज टार्मिनल पर अवसंरचना विकास	**1.20**
12.	केन्द्रीय अभिकरण 2018-19	कोच्चि पोर्ट ट्रस्ट वाकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का सृजन	**4.66**
		कुल	**610.9**

****